अमर उजाला 07/09/2022

# नए विद्यार्थियों का किया स्वागत



अंबाला। जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट के प्रबंधन विभाग ने बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। स्नातक विद्यार्थियों ने परंपरागत तरीके से अपने नए साथियों का स्वागत करते हुए उन्हें तिलक लगाया और मुंह मीठा कराया। प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने छात्रों को प्रतिष्ठित महाविद्यालय में प्रवेश पाने के लिए बधाई दी। वरिष्ठ छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए। डॉ. रवनीत ने कॉलेज के विषय में जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ. भारती विज ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर डॉ. रवनीत कौर, डॉ. अमिता, पिंकी गुप्ता आदि उपस्थित रहे। संवाद